है जिंदगी बस तेरी बदौलत

तर्ज - है जिंदगी इतनी खूबसूरत

है जिंदगी बस तेरी बदौलत,
हे श्याम तेरा ये शुक्रिया है,
तेरे नाम से मिली है इज़्ज़त,
हे श्याम तेरा ये शुक्रिया है ।
है जिंदगी बस तेरी बदौलत,
हे श्याम तेरा ये शुक्रिया है॥

मिली जो श्याम मुझको तेरी रहमत,
अब ना मुझे कोई गम नही है,
जो बढ़ाये मेरे हौसलों को,
वो साहस बाबा तूने दिया है,
है जिंदगी बस तेरी बदौलत,
हे श्याम तेरा ये शुक्रिया है॥

तेरी ही भक्ति का ये असर है,
देखु जिधर मैं बस तू ही तू है,
अपना बनाकर मुझको ओ बाबा,
एहसान मुझपे तूने किया है,
है जिंदगी बस तेरी बदौलत,
हे श्याम तेरा ये शुक्रिया है॥

मेरी निगाहों में बस तेरा नूर है,
बनके तू दिलबर दिल मे समाजा,
'नीता' की कहती है एक धड़कन,
तुझ बिन कही लागे ना जिया है,
है जिंदगी बस तेरी बदौलत,
हे श्याम तेरा ये शुक्रिया है......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24351/title/hai-zindagi-bas-teri-badaulat

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |